भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

<u>विषय : देश के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उपलब्धि दिलवाई।</u>

नई दिल्ली , 28 अप्रैल 2016: एयरपोर्ट काऊंसिल इन्टरनेशनल द्वारा हाल में एएसक्यू वैश्विक सर्वोतम हवाई अड्डे हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रथम तथा चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे, लखनऊ को आकार तथा 2-5 मिलीयन यात्री प्रति वार्षिक में क्षेत्र एशिया पैसेफिक अवार्ड में द्वितीय चुना गया ।

अध्यक्ष, भाविप्रा की ओर से यह अवार्ड श्री राकेश कालरा, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, (उक्षे) तथा श्री बी.के. तैलंग, विमानपत्तन निदेशक, जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तथा श्री एम.पी.बसंल, संयुक्त महाप्रबंधक (इंजी) ने 11वें हवाई अड्डा काऊंसिल इन्टरनेशनल एशिया पैसेफिक क्षेत्रीय एसेंबली में 18-20 अप्रैल, 2016 के सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के दौरान 19 अप्रैल 2016 को गोल्ड कोस्ट, आस्ट्रेलिया में वार्नर ब्रदर्स मूवी वर्ल्ड पर आयोजित एक विशाल समारोह में प्राप्त किए ।

भाविप्रा को यह अवार्ड श्री डिक्लेन कॉलीनर, एसीआई वर्ल्ड चेयरपर्सन–सह–सीईओ लंदन सिटी हवाई अड्डे तथा एंजिला गिटन्स, एसीआई वर्ल्ड के महानिदेशक द्वारा दिए गए ।

आस्ट्रेलिया से वापसी के बाद, श्री राकेश कालरा, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, (उक्षे) तथा श्री बी.के. तैलंग, विमानपत्तन निदेशक, जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा श्री एस.रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा को अवार्ड दिया गया । अध्यक्ष ने अधिकारियों की सराहना की तथा कहा कि यह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के लिए गौरव का क्षण है क्योंकि विश्व के अन्य सर्वोतम हवाई अड्डों जैसे सियोल तथा सिंगापुर चांगी हवाई अड्डों के समान देश के स्वामित्व वाले संगठन ने ऐसे प्रतिष्ठित अवार्ड जीते हैं । उन्होने इसे बनाए रखने को कहा ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787, 9811521881,

सं. 07/2016-17

श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (केन्द्र में) 19 अप्रैल, 2016 को आस्ट्रेलिया में भा.वि.प्रा. को प्रदत्त 2-5 मिलीयन यात्री प्रति वर्ष में आकार एवं क्षेत्र (एशिया-पेसिफिक) में जयपुर को ए सी आई के ए एस क्यू ग्लोबल सर्वोत्तम हवाई अड्डा अवार्ड एवं लखनऊ हवाई अड्डे को द्वितीय सर्वोत्तम अवार्ड श्री राकेश कालरा, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उ.क्षे.) एवं श्री बी.के. तेलंग, विमानपत्तन निदेशक, जयपुर हवाई अड्डे से प्राप्त करते हुए ।